छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in, https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक / एस.एस.बी. / परीक्षा एफ–20 / 2026 / 4628 रायपुर, दिनांक 23/11/26

लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत
व्याख्याता पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (LSL26) के प्रवेश पत्र के सम्बंध में विज्ञप्ति

CGSSB द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर व्याख्याता (हिन्दी), व्याख्याता (अंग्रेजी), व्याख्याता (संस्कृत), व्याख्याता (भौतिकी), व्याख्याता (राजनीति शास्त्र), व्याख्याता (इतिहास), व्याख्याता (भूगोल) एवं व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (LSL26) का आयोजन निम्नानुसार किया जायेगा–

परीक्षा का नाम	परीक्षा तिथि / दिन	परीक्षा का समय	कुल परीक्षा जिला
व्याख्याता (हिन्दी), व्याख्याता (अंग्रेजी), व्याख्याता (संस्कृत), व्याख्याता (भौतिकी), व्याख्याता (राजनीति शास्त्र), व्याख्याता (इतिहास), व्याख्याता (भूगोल) एवं व्याख्याता (अर्थशास्त्र) भर्ती परीक्षा (LSL26)	**29-11-2026** (रविवार)	पूर्वान्ह **10:00** से **12:15** बजे तक	05

अभ्यर्थी वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in अथवा https://cgssb.cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र दिनांक **23-11-2026** से डाउनलोड कर सकते हैं ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी कम से कम दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं फ्रिस्किंग (Frisking) के उपरांत परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8827920164 पर समय प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश –

1. कृपया प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें । क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु CGSSB की प्रवेश पत्र की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी ।
2. परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र / ड्रायविंग लायसेंस / पेन कार्ड / आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा । मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।
3. परीक्षार्थी, परीक्षा के दिन, परीक्षा प्रारंभ समय से कम से कम 2 घंटा पहले परीक्षा केन्द्र में अनिवार्यतः उपस्थित रहे, जिससे परीक्षार्थी का सत्यापन एवं फ्रिस्किंग (Frisking) किया जा सके।
4. परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा। परीक्षा प्रारंभ होने का समय 10:00 बजे है, इसलिए **9:30 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा** ।
5. (a) हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने जाए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा ।
   (b) केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी । सुरक्षा जाँच के समय स्वेटर उतारकर सुरक्षा कर्मी से जाँच कराना होगा । स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा।
6. फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें।
7. कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।
8. परीक्षा के प्रथम आधा घंटा एवं आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।
9. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रिानिक उपकरण, इलेक्ट्रिानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित हें
10. चयन के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, अतः इसे सुरक्षित रखें ।
11. निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा । परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी ।
12. धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा । उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जाँच से गुजरना पड़ेगा तभी ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।

23 NOV 2026.

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर

16.11.26